भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

....

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2235

(जिसका उत्तर शुक्रवार, 6 मई, 2016/16 वैशाख, 1938 (शक) को दिया जाने वाला है)

जाली मुद्रा

2235. श्रीमती रंजनबेन भट्ट:

श्री पी.आर. सेनथिलनाथन:

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के पास देश में आज की तिथि के अनुसार परिचालित मुद्राओं अथवा धन के कुल मूल्य संबंधी पूर्ण लेखा और आंकड़े हैं, यदि हां, तो गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान जब्त की गई मुद्राओं की मात्रा और मूल्य कितना है;

(ख) क्या सरकार के पास आज की तिथि के अनुसार देश में परिचालित जाली धनराशि के कुल मूल्य के संबंध में कोई विशिष्ट आंकड़े अथवा रिपोर्ट है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा देश में परिचालित जाली धनराशि पर नियंत्रण पाने और रोक लगाने के लिए क्या संपूर्ण उपाय किए गए हैं?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जयंत सिन्हा)

(क) से (ग): भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा यथा प्रस्तुत दिनांक 29 अप्रैल, 2016 की स्थिति के अनुसार, परिचालन में करंसी नोटों से संबंधित डाटा, **अनुबंध-I** के अनुसार संलग्न है। पिछले चार वर्षों के दौरान बैंकिंग चैनल में जाली नोटों का पता लगाने से संबंधित डाटा **अनुबंध-II** के अनुसार संलग्न है।

बैंक नोटों की जालसाजी के खतरे को रोकने के लिए भारत सरकार ने, भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से, भारतीय बैंक नोटों में नई सुरक्षा विशेषताएं प्रारंभ करने की प्रक्रिया शुरू की है। भारतीय रिजर्व बैंक ने नए संख्यात्मक पैटर्न सहित महात्मा गांधी श्रृंखला- 2005 में ₹ 50, ₹ 100, ₹ 500, ₹ 1000 मूल्यवर्ग के बैंक नोट जारी किए हैं। अब इन बैंक नोटों के दोनों संख्या पैनलों में संख्याएं बाएं से दाएं बढ़ते आकार में होंगी, जबकि पहले तीन वर्णसंख्यात्मक अक्षर (प्रारंभिक) आकार में समान रहेंगे। बढ़ते आकार में संख्याओं को छापना बैंक नोटों में एक सुस्पष्ट सुरक्षा विशेषता है जिससे आम जनता असली नोट और जाली नोट में आसानी से भेद कर सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक आम जनता के लिए तथा नकदी संभालने वालों के लिए शिक्षा अभियान भी चला रहा है ताकि जाली नोटों का पता लगाने को सुकर बनाया जा सके। भारतीय रिजर्व बैंक नियमित रूप से बैंकों के कर्मचारियों/अधिकारियों तथा नकदी की बड़ी राशि संभालने वाले अन्य संगठनों हेतु जाली नोटों का पता लगाने के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है। भारतीय रिजर्व बैंक की वेबसाइट बैंक नोटों की सुरक्षा विशेषताओं संबंधी जानकारी जनता को उपलब्ध कराती है। अपने बैंक नोटों को जानिए संबंधी पोस्टर बैंकों की शाखाओं में भी प्रदर्शित किए जाते हैं। बैंकों को अनुदेश जारी किए गए हैं कि 100 रुपए और उससे ऊपर के मूल्यवर्ग के बैंक नोट बैंकों द्वारा उनके काउंटरों अथवा एटीएम के जरिए तभी पुन: जारी किए जाएं यदि इन बैंक नोटों की मशीनों द्वारा प्रामाणिकता/असलियत व उपयुक्तता विधिवत जांच ली गई है।

******

लोक सभा म दिनांक 6 मई, 2016 को उत्तराथ अतारांकित प्रश्न संख्या 2235 के भाग (क) से (ग) के उत्तर म उल्लिखित अनुबंध- ।

अनुबंध- ।

दिनांक 29 अप्रैल, 2016 को परिचालन म नोटों का संख्या	
मूल्यवग	अदद **(बिलियन)**
2	**4.27**
5	**7.36**
10	**32.29**
20	**5.09**
50	**4.02**
100	**16.42**
500	**16.46**
1000	**6.44**
कुल अदद	**92.35**
कुल मूल्य (बिलियन रुपए)	**16,979.92**

******

लोक सभा म दिनांक 6 मई, 2016 को उत्तराथ अतारांकित प्रश्न संख्या 2235 के भाग (क) से (ग) के उत्तर म उल्लिखित अनुबंध- II

अनुबंध-II

बैंकिंग चैनल म पता लगाए गए जाली नोटों संबंधी डाटा (अदद)

वष	पता लगने का स्थान	₹ 2	₹ 5	₹ 10	₹ 20	₹ 50	₹ 100	₹ 500	₹ 1000	जोड़
अप्रैल, 2012-माच, 2013	भारतीय रिजव बक म पता लगा	1	1	17	40	1,359	10,782	12,726	4,274	29,200
	बकों म पता लगा	0	0	304	181	8,400	97,443	268,539	94,185	469,052
	जोड़	1	1	321	221	9,759	108,225	281,265	98,459	498,252
अप्रैल, 2013-माच, 2014	भारतीय रिजव बक म पता लगा	0	0	23	15	670	7,163	8,227	3,729	19,827
	बकों म पता लगा	0	1	134	72	6,181	111,710	244,042	106,306	468,446
	जोड़	0	1	157	87	6,851	118,873	252,269	110,035	488,273
अप्रैल, 2014-माच, 2015	भारतीय रिजव बक म पता लगा	0	0	9	15	429	11,425	9,112	5,138	26,128
	बकों म पता लगा	0	0	259	91	6,731	170,374	264,811	126,052	568,318
	जोड़	0	0	268	106	7,160	181,799	273,923	131,190	594,446
अप्रैल, 2015 – माच, 2016	भारतीय रिजव बक म पता लगा	0	0	4	10	358	17,934	8,299	5,160	31,765
	बकों म पता लगा	0	2	130	86	6,095	203,512	253,394	137,939	601,158
	जोड़	0	2	134	96	6,453	221,446	261,693	143,099	632,923

****